>

Title: Need to improve services of mobile telephones in Dindori parliamentary constituency, Maharashtra.

श्री हरिश्चंद्र चव्हाण (दिंडोरी): समूचे भारत में मोबाइल क्रांति आ चुकी है लेकिन इस दौर में भी मेरा संसदीय क्षेत्र संचार सेवाओं से अभी भी पूरी तरह से वंचित है। मेरे संसदीय क्षेत्र, दिंडोरी लोक सभा क्षेत्र की गणना महाराष्ट्र राज्य के जनजाति बहुल एवं अति पिछड़े हुए क्षेत्रों में की जाती है। नासिक जनपद के काठिपाड़ा, रगतविहीर ग्राम सहित दिंडोरी, कडवन पेट, सुरगाना व कई अन्य ऐसी तहसीलें जो गुजरात राज्य की सीमाओं के निकटवर्ती क्षेत्रों में आती हैं। मेरे इन समस्त क्षेत्रों में खासकर उक्त दोनों गांवों में बीएसएनएल सहित किसी भी निजी क्षेत्र की मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों के टावर उपलब्ध न होने के कारण समूचा क्षेत्र दूरसंचार के साधनों मोबाइल सेवाओं से अछूता बना हुआ है। गुजरात की सीमाओं से लगे होने तथा अपने गृह राज्य की मोबाइल सेवाओं की लचर स्थिति के कारण यहां के लोगों को रोमिंग शुल्क देना होता है। जिसके कारण यहां के लोगों को दूर-दराज रह रहे अपने परिजनों से संवाद स्थापित करने में लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मेरा सरकार से आग्रह है कि उपर्युक्त उल्लिखित क्षेत्रों में संचार सेवाओं की शीघ्र बहाली हेतु सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की मोबाइल कंपनियों को टावर स्थापित करने के लिए अविलंब आदेश दिए जाएं, जिससे पूरे क्षेत्र में मोबाइल सेवाएं शीघ्र संचालित हो सकें।